# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 8TH



aglasem.com

Class : 8th

Subject : दूर्वा

Chapter : 11

Chapter Name : हिन्दी ने जिनकी जिंदगी बदल दी

Q1 (क) मारिया को किस कार्य के लिए सम्मानित किया गया ?

(ख) मारिया ने अनेक भाषाओं का अध्ययन क्यों किया ?

(ग) मारिया बुडापेस्ट में कौन-सी भारतीय पोशाक पहनना पसंद करती हैं और क्यों ?

Answer. (क) मारिया ने बहुत सी पुस्तकों को हिंदी से हंगेरियन तथा हंगेरियन से हिंदी में अनुवाद किया। इसके अलावा उन्होंने हिंदी भाषा पर गहन अध्ययन कर इसे वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने का कार्य किया इसलिए मारिया को सम्मानित किया गया।

(ख) मारिया ने मानव जीवन के शुरूआती दौर को जानने के लिए अनेक भाषाओं का अध्ययन  किया।

(ग) मारिया बुडापेस्ट में सलवार सूट पहनना पसंद करती थी। वे सलवार सूट ठंड की वजह से पहनती थीं ।

Page : 78 , Block Name : पाठ से

Q2नीचे दी गई तालिका में मारिया की और तुम अपनी पसंद लिखो–

| क्र. सं. | | मारिया की पसंद | तुम्हारी पसंद |
|---|---|---|---|
| (क) | भारतीय खाना | ..................... | ...................... |
| (ख) | शहर | ..................... | ...................... |
| (ग) | फ़िल्म | ..................... | ...................... |
| (घ) | कलाकार | ..................... | ...................... |

aglasem.com

| | | | |
|---|---|---|---|
| (ङ) | भाषा | ...................... | ....................... |
| (च) | भारतीय पोशाक | ...................... | ....................... |
| (छ) | कार्यक्रम | ...................... | .................. |

Answer.

| क्र. सं. | | मारिया की पसंद | तुम्हारी पसंद |
|---|---|---|---|
| (क) | भारतीय खाना | पूरी, मटर पनीर | छात्र अपनी रुचियाँ लिखें। |
| (ख) | शहर | दिल्ली, उदयपुर, मैसूर, पांडिचेरी | |
| (ग) | फ़िल्म | उमराव जान | |
| (घ) | कलाकार | शबाना आज़मी, नसीरूद्दीनशाह | |
| (ङ) | भाषा | हिन्दी | |
| (च) | भारतीय पोशाक | सलवार सूट | |

aglasem.com

| | | | |
|---|---|---|---|
| (छ) | कार्यक्रम | प्लास्टिक बन्द करना | |

Page : 79 , Block Name : अपनी - अपनी पसंद

Q3 (क) इस भेंटवार्ता की शुरुआत में ही मारिया ने क्षमायाचना क्यों की?

(ख) उसने भेंटवार्ता की शुरूआत किस तरह की शिकायतों से की?

Answer. (क) इस भेंट-वार्ता की शुरुआत में ही मारिया ने हाथ जोड़कर नमस्ते कहा और अपने समय पर न पहुँच पाने के कारण क्षमायाचना की |

(ख)भेंट-वार्ता की शुरूआत उन्होंने शिकायत से की थी | उनकी शिकायत थी कि भारत बहुत बड़ा व परंपरावादी है लेकिन यहाँ के फिल्म वाले छोटी-छोटी बातों पर झूठ बोलते हैं और झूठ दिखाते भी हैं। यह देखकर उन्हें दुख होता है |

Page : 79 , Block Name : क्षमायाचना और शिकायत

(ग) तुम भी कभी क्षमायाचना और शिकायतों का व्यवहार करते होगे। बताओ वह कौन-कौन से अवसर होते हैं और किन-किन चीज़ों के बारे में किस-किस से तुम क्षमा-याचना और शिकायत करते हो?

Answer. यदि हमसे कोई गलती हो जाए तो उसके लिए क्षमायाचना करते है | हमारी गलती से जिसका नुकसान हुआ हो उससे हम माफ़ी माँगते हैं |

Page : 79 , Block Name : क्षमायाचना और शिकायत

Q4 मान लो कि तुम्हारे स्कूल और किसी अन्य स्कूल के बीच क्रिकेट मैच हुआ और उसमें तुम्हारे स्कूल की क्रिकेट टीम की जीत हुई हो। मगर, किसी समाचार-पत्र में खबरें तो सही रूप में तुम्हारे स्कूल और किसी अन्य स्कूल के बीच में खेले गए मैचों की छापी गई हो और उसके साथ जो तस्वीरें छापी गई हों, वह किसी दूसरे मैच में खेलने वाली टीम की हो। इसके लिए तुम शिकायत करना चाहो तो क्या-क्या करोगे?

Answer. इसके लिए हम खबर छापने वाले समाचार-पत्र के ऑफिस में एक पत्र लिखकर उनके द्वारा की गयी गलती बताएँगे और उन्हें सही तस्वीर छापने के लिए कहेंगे |

Page : 79 , Block Name : कुछ यह भी करो

Q5 "यहाँ के फ़िल्म वाले इतनी छोटी-छोटी बातों पर झूठ बोलते ही नहीं बल्कि झूठ दिखाते भी हैं।"

ऊपर मारिया ने भेंटकर्ता से जो बात कही है उसको पढ़ो। अब बताओ कि–

(क) तुम इस बात से कहाँ तक और क्यों सहमत हो?

aglasem.com

(ख) क्या सिनेमा में झूठ और सच की बातें दिखाना ज़रूरी होता है? यदि हाँ तो क्यों?

Answer. (क) आजकल फिल्म वाले कमाई के लिए फिल्मों में झूठ दिखाते है | इसका दर्शकों पर क्या प्रभाव होगा इसकी उन्हें कोई चिंता नहीं होती, उन्हें केवल अपना लाभ कमाना होता है |

Page : 79 , Block Name : झूठ और सच की बात

(ख) सिनेमा में झूठ और सच की बातें दिखाना ज़रूरी होता है क्योंकि दर्शक फिल्में देखकर बहुत प्रभावित होते है | यदि फिल्मों के के माध्यम से दर्शकों तक सही संदेश पहुँचेगा तो समाज के लिए लाभदायक होगा |

Page : 79 , Block Name : झूठ और सच की बात

Q6 "हंगरी में संयुक्त परिवार की सोच नहीं है। पति-पत्नी व बच्चे। बच्चे भी केवल 20 साल की उम्र तक माता-पिता के साथ रह सकते हैं। कुल मिलाकर एक इकाई का छोटा परिवार।"

ऊपर के वाक्यों को पढ़ो और बताओ कि–

(क) भारत में बच्चे कब तक माता-पिता के साथ रह सकते है और क्यों?

(ख) तुम्हें अगर हंगरी या किसी अन्य देश में रहने की आवश्यकता हो तो किन-किन चीज़ों को साथ रखना चाहोगे और क्यों?

Answer. (क) भारत में माता-पिता को साथ रखने की कोई समय सीमा तय नहीं है | माता-पिता जब तक चाहे बच्चों के साथ रह सकते है |

(ख) यदि हमें हंगरी या किसी अन्य देश में रहने की आवश्यकता हो तो हम अपनी सभी प्रिय वस्तुएँ और अपने परिवार को अपने साथ रखना चाहेंगे ताकि हमें दूसरे देश में अकेलापन महसूस न हो |

Page : 80 , Block Name : साथ - साथ

Q7 नीचे दिए गए शब्दों को अपनी मातृभाषा में लिखो और उन पर अपने मित्रों से चर्चा करो–

(क) नमस्ते - ………………….

(ख) घर - ……………….

(ग) सड़क - ……………

(घ) समाचार-पत्र - …………

(ङ) पानी - ………….

(च) साबुन - …………..

(छ) धरती - …………..

aglasem.com

(ज) जंगल - …………..

(झ) सुबह - …………

Answer. (क) नमस्ते - नमस्कार, राम-राम

(ख) घर - घर

(ग) सड़क - रोड

(घ) समाचार-पत्र - अख़बार

(ङ) पानी - पानी, जल

(च) साबुन - साबुन

(छ) धरती - जमीन

(ज) जंगल - जंगल

(झ) सुबह - सवेरा

Page : 80 , Block Name : मातृभाषा

Q8 (क) मारिया को समुद्र में प्लास्टिक के द्वीप और धरती को खराब करने वाली चीज़ों से चिंता हुई है। क्या तुम्हें भी अपने आस-पास में फैली गंदगी, कूड़े-कचरे के ढेर और तुम्हारे वातावरण को खराब करने वाली चीज़ों को देखकर चिंता होती है? कारण सहित उत्तर दो।

(ख) तुम अगर अपने आस-पास, घर, स्कूल व अपने परिवेश की साफ़-सफ़ाई करना चाहो तो क्या-क्या स्वयं कर सकते हो और क्या-क्या करने में तुम्हें अपने मित्रों, सबंधियों, शिक्षकों और अन्य लोगों की सहायता लेनी पड़ सकती है?

Answer. (क) अपने आस-पास में फैली गंदगी, कूड़े-कचरे के ढेर और वातावरण को खराब करने वाली चीज़ों को देखकर किसी को भी अच्छा नहीं लगता | ये सब गंदगी बीमारियाँ फैलाती है तथा वातावरण को भी दूषित करती है|

(ख) अपने आस-पास, घर, स्कूल व अपने परिवेश की साफ़-सफ़ाई करने के लिए हम आस-पास फैले कचरे को उठा सकते है | जो गंदा पानी जमा हो तो उसको साफ़ कर सकते है | साफ़-सफाई में सभी की मदद की आवश्यकता होगी, सभी मिलकर सफाई कर सकते है |

Page : 80 , Block Name : साफ़-सफ़ाई

Q9 नीचे एक शब्द के दो समान अर्थ दिए गए हैं।

जैसे– धरती –पृथ्वी, धरा

अब तुम भी इन शब्दों के दो-दो समान अर्थ लिखो:-



Aglasem Schools

(क) दोस्त - ...........,...........

(ख)माँ - ...........,...........

(ग) पानी - ...........,...........

(घ) नारी - ...........,...........

Answer. (क)दोस्त - मित्र, सखा

(ख) माँ - माता, जननी

(ग)पानी - जल, नीर

(घ)नारी - महिला, स्त्री ,औरत

Page : 79 , Block Name : दो-दो समान अर्थ

Q10 'काफ़ी' शब्द का अर्थ है –पर्याप्त और 'कॉफ़ी' का अर्थ होता है एक पेय पदार्थ। दोनों शब्दों की वर्तनी में केवल थोड़ा-सा अंतर होने से अर्थ बदल गया है।

तुम दिए गए शब्दों को पढ़ो और वाक्य बनाओ।

(क) बाल, बॉल

(ख) हाल, हॉल

(ग) चाक, चॉक

(घ) काफ़ी, कॉफ़ी

Answer. (क) बाल - नेहा के बाल भूरे रंग के है |

बॉल - बच्चे बॉल से खेल रहे हैं |

(ख) हाल - राम उसके दोस्त का हाल-चाल पूछने गया था |

हॉल - सिनेमा हॉल में बहुत भीड़ थी |

(ग) चाक - चाक पे मिट्टी की वस्तुएँ बनती है |

चॉक - ब्लैकबोर्ड पर चॉक से लिखते है |

(घ) काफ़ी - भंडार घर में काफ़ी पुराना सामान पड़ा है |

aglasem.com

कॉफ़ी - सोहन और उसके दोस्त कॉफ़ी पीने गए थे |

Page : 79 , Block Name : काफ़ी या कॉफ़ी

Q11 नीचे दिए गए वाक्यों को सही शब्दों से पूरा करो -

(क) रमा ने कमरे में फूल ................ दिए (सज़ा/सजा)

(ख) माँ दही .................. भूल गई। (ज़माना/जमाना)

(ग) घोड़ा .............. दौड़ता है। (तेज़/तेज)

(घ) शीला ने मुझे एक ............. की बात बताई। (राज/राज़)

(ङ) उदित सितार बजाने के ................ में माहिर है। (फ़न/फन)

(च) कप में .............. सी चाय बची थी। (जरा/ज़रा)

Answer.

(क) रमा ने कमरे में फूल सजा दिए। (सज़ा/सजा)

(ख) माँ दही जमाना भूल गई। (ज़मान/जमाना)

(ग) घोड़ा तेज़ दौड़ता है। (तेज़/तेज)

(घ) शीला ने मुझे एक राज़ की बात बताई। (राज/राज़)

(ङ) उदित सितार बजाने के फ़न में माहिर है। (फ़न/फन)

(च) कप में ज़रा सी चाय बची थी। (जरा/ज़रा)

Page : 81 , Block Name : नीचे दिए गए वाक्यों को सही शब्दों से पूरा करो

Q12 संचार माध्यमों की दुनिया

(क) तुम पढ़ने-लिखने में किन-किन संचार माध्यमों का उपयोग करते हो?

(ख) उनमें से तुम्हें सबसे उपयुक्त क्या और क्यों लगता है?

Answer. (क) पढ़ने-लिखने में आजकल सबसे ज्यादा उपयोग कम्प्यूटर और मोबाइल का होता है क्योंकि इंटरनेट पर सभी तरह की जानकारियाँ आसानी से मिल जाती है |

(ख) कम्प्यूटर, क्योंकि इंटरनेट पर सभी तरह की जानकारियाँ आसानी से मिल जाती है |

Page : 81 , Block Name : संचार माध्यमों की दुनिया

aglasem.com